डॉ. (प्रो.) कृष्ण कुमार नाग, सभापति, कार्यकारिणी समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति की अध्यक्षता में दिनांक–16.04.2019 (मंगलवार) को समिति कार्यालय रांची, में सम्पन्न हुई कार्यकारिणी समिति की 55वीं बैठक की कार्यवाही :–

1. **उपस्थिति :–** बैठक में उपस्थित/अनुपस्थित सदस्य यथास्थान अभिलिखित :

क्रम सं.	नाम	कार्यकारिणी समिति में धारित पद	उपस्थिति
1.	डॉ.(प्रो.) कृष्ण कुमार नाग, नेतरहाट आवासीय विद्यालय के पूर्ववर्त्ती छात्र।	सभापति	उपस्थित
2.	निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार।	(सुमन टोपनो बलिहार) उप–निदेशक (मा.शिक्षा) सदस्य	उपस्थित
3.	श्री अखिलेश वाजपेयी संयुक्त सचिव, वित्त विभाग, (वित्त–विभाग द्वारा मनोनीत सदस्य) झारखण्ड सरकार, राँची।	सदस्य	उपस्थित
4.	श्री हरे कृष्ण प्रसाद सिन्हा, (प्रख्यात शिक्षाविद्)	सदस्य	उपस्थित
5.	श्री विनोद कुमार कर्ण, (पूर्व प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय।	सदस्य	उपस्थित
6.	डॉ.(प्रो.) नरेन्द्र नाथ पाण्डेय, पूर्ववर्त्ती छात्र, नेतरहाट आवासीय विद्यालय।	सदस्य	उपस्थित
7.	डॉ. संतोष कुमार सिंह, प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट।	सदस्य सचिव	उपस्थित
8.	श्री रवि रंजन, शिक्षक, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट।	विशेष आमंत्रित (शिक्षक–प्रतिनिधि) सदस्य	उपस्थित

2. **कार्यसूची मद संख्या–01** :– विगत 54वीं बैठक दिनांक–06.04.2019 की कार्यवाही की सर्वसम्मति से संपुष्टि की गई।

3. **कार्यसूची मद संख्या–02** :– विगत 54वीं बैठक में लिए गए निर्णयों के संदर्भ में प्राचार्य–सह–सदस्य सचिव, नेतरहाट विद्यालय समिति द्वारा समर्पित कृत अनुपालन प्रतिवेदन की बिन्दुवार समीक्षा की गई; तदनुसार, कुछेक

कृष्ण कुमार नाग
17. 4. 2019

अनुपालित बिन्दुओं के संदर्भ में कतिपय निर्देश/संशोधन के साथ समर्पित अनुपालन प्रतिवेदन की सर्वसम्मति से संपुष्टि की गई। कुछेक कृत अनुपालन प्रतिवेदन पर अगली कार्यकारिणी समिति की बैठक में विचार किये जायेंगे।

4. <u>कार्यसूची मद संख्या–03</u> :– विद्यालय में 11वीं कक्षा में शत्–प्रतिशत नामांकन करने के सम्बन्ध सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 10वीं कक्षा की परीक्षा में सम्मिलित सभी बालकों के अभिभावकों को पत्र द्वारा तथा मोबाइल के माध्यम से अविलम्ब सूचित किया जाना चाहिए कि नेतरहाट विद्यालय में अध्ययन किए हुए प्रत्येक बालक के उज्जवल भविष्य के लिए नेतरहाट विद्यालय समिति उनके प्राकृतिक अभिभावक की ही भांति न केवल कामना करती है, बल्कि यथासंभव हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराने की भरपूर कोशिश भी करेगी, जिससे उनकी 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट परीक्षा फल मिल सके और जीवन में वे मनचाहे विषय में आगे की पढ़ाई करने में सफलता पा सकें। यदि कुछेक विषयों में शिक्षकों की तत्काल कमी है, और उनके पदों पर नियमित नियुक्ति होने में कतिपय अपरिहार्य कारणों से विलम्ब भी है तो ऐसे पदों पर अच्छे शिक्षकों की एड–हॉक बहाली यथाशीघ्र कर ली जाय। इसके साथ ही, किसी भी विषय में यदि विशेषज्ञ शिक्षकों की आवश्यकता हो तो प्राचार्य कार्यकारिणी समिति के सभापति/सदस्यों से परामर्श कर कुछ दिनों के लिए उचित सांकेतिक मानदेय पर विशेषज्ञ शिक्षकों को आमंत्रित करें ताकि किसी भी विषय में बालकों को कोई कठिनाई न हो। इस सम्बन्ध में यह भी निर्णय लिया गया कि यथाशीघ्र आश्रमों के जीर्णोद्धार कार्य पूरा करने के लिए प्राचार्य उचित कार्यवाई करें और इन बच्चों के आवास के लिए स्वविवेक पर उचित व्यवस्था करें। बालकों के अभिभावकों को इस निमित्त लिखे जाने वाले पत्र के प्रारूप पर सभापति का यथाशीघ्र अनुमोदन प्राचार्य द्वारा करा लिया जाय।

5. <u>कार्यसूची मद संख्या–04 :</u> सत्र 2019 में प्रवेश हेतु आगामी प्रतियोगिता परीक्षा करने के सम्बन्ध में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया आवेदन पूर्णतः निःशुल्क किए जांय, और अभिभावकों से कोई पोस्टल स्टाम्प भी नहीं लिया जाय। इसी कम में यह निर्णय लिया गया कि इस बार आवेदन विद्यालय के वेबसाइट **www.netarhatvidyalaya.com** पर **Online** लिए जांये और उन्हें प्रवेश पत्र भी **Online** उपलब्ध करा दिए जांय। इसके साथ–साथ दूर–दराज और ग्रामीण इलाकों के बालकों को ध्यान में रखकर यह भी निर्णय लिया गया कि **Online** के अतिरिक्त **Offline** सुविधा भी रहे। अर्थात् डाक द्वारा या हाथों–हाथ विधि आवेदन पत्र का प्रारूप विद्यालय के वेबसाईट से डाउनलोड कर, **या** समाचार पत्रों में प्रकाशित प्रारूप से अंकित/हस्तलिखित आवेदन **या** सम्बन्धित जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय से **या** नेतरहाट विद्यालय समिति के रांची कार्यालय से या नेतरहाट कार्यालय से प्राप्त कर) भरे हुए आवेदन पत्र को सभी अनुलग्नकों यथा – आवासीय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र (अगर आरक्षण का दावा हो),जन्म प्रमाण पत्र,

17.4.2019

आय प्रमाण पत्र एवं अन्य कागजात की स्वअभिप्रमाणित प्रति के साथ **स्पीड पोस्ट** के माध्यम से **अथवा** हाथों–हाथ (पावती लेकर ही) **दिनांक–27.05.2019 तक** निम्न पत्ते पर भेज सकते हैं–

1.प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट, पोस्ट–नेतरहाट पिन–835218 अथवा 2. सभापति, कार्यकारिणी समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति, एम.डी. आई. भवन परिसर, प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा, रांची–834004।

कार्यकारिणी समिति ने सर्वसम्मति से प्रवेश हेतु प्रतियोगिता परीक्षा 2019 का विज्ञापन दिनांक 28.04.2019 को ही सभी प्रमुख समाचार पत्रों में छपे जाने के लिए प्रारूप को सभापति को अधिकृत करने का निर्णय लिया। परीक्षा की प्रारंभिक परीक्षा दिनांक 23 जून 2019, मुख्य परीक्षा दिनांक 21.07.2019 को ली जायेगी। इसी को ध्यान में रखकर वर्षावकाश की तिथि में उचित बदलाव करने का प्राचार्य को अधिकृत किया गया। वर्षावकाश में जिन शिक्षकों/प्रशिक्षकों को परीक्षा सम्बन्धी कार्यों के लिए उत्तरदायित्व दिया जायेगा, उन्हें उचित अर्जित अवकाश व मानदेय इत्यादि देय होंगे। प्रयास किए जांये कि सफल 100 छात्रों को दिनांक 22 सितम्बर 2019 को नामांकन रांची में करने के बाद उसी दिन उन्हें नेतरहाट पहुंचा दिया जाय।

यह भी निर्णय लिया गया कि जिला शिक्षा अधीक्षकों और/या नोबा/नेतरहाट महापरिवार के अन्य सदस्यों से कार्यकारिणी समिति के सदस्य यथासंभव सम्पर्क करें जिससे अधिकाधिक बालकों के आवेदन के लिए शिक्षकों/अभिभावकों को सूचित/उत्प्रेरित किया जा सके।

6. **कार्यसूची मद संख्या–05:** स्थानीय प्रबन्धन समिति, नेतरहाट विद्यालय समिति के विषय में निर्णय लिया गया कि समिति की नियमावली 2010 में धारा 2.7 में वर्णित प्रावधान के अनुरूप ही इसे गठित किया जाना है। चूंकि अभी विद्यालय में कोई उप–प्राचार्य के पद पर कार्यरत नहीं हैं, अतः जो भी शिक्षक वरीयतम कार्यरत हों, वे एक सदस्य होंगे। कार्यकारिणी समिति द्वारा चक्रानुक्रम से 1 वर्ष के लिए मनोनीत एक शिक्षक प्रतिनिधि के लिए प्राचार्य को अधिकृत किया गया कि वरीयता क्रम से शिक्षकों की सूची में से अधिकतम एक वर्ष के लिए (किन्तु यदि उनकी सेवा निवृति होने वाली हो तब भी सेवानिवृति की तिथि तक) सदस्य रहेंगे। इसी क्रम में यह भी निर्णय लिया गया कि कार्यकारिणी समिति की बैठकों में शिक्षक प्रतिनिधि की उपस्थिति यथासंभव सुनिश्चित रहे, जिससे विद्यालय के शिक्षक समुदाय की निर्णयों में सहभागिता मिलती रहे।

7. **कार्यसूची मद संख्या–06 :** कार्यकारिणी समिति द्वारा अनुमोदित छात्रों के शुल्क संरचना को लागू किए जाने के सम्बन्ध में वित्त विभाग के प्रतिनिधि

कृष्ण कुमार नाग
17.4.2019

श्री वाजपेयी जी के सुझाव कि इसे सितम्बर 2019 में नामांकन करने वाले बालकों के समय से लागू किया जाना चाहिए, को सर्वसम्मति से पारित किया गया।

8. <u>कार्यसूची मद संख्या–07:</u> विद्यालय के ऑडिटोरियम को हस्तगत लिए जाने के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया कि पहले स्थानीय प्रबन्धन समिति ऑडिटोरियम में बनाए गए असमान सीढ़ी के स्टेप की ओर संवेदक का ध्यान आकर्षित कर उन्हें ठीक करने को कहें, क्योंकि यह कोई मामूली भूल नहीं है। यदि इसमें विलम्ब हो तो कार्यकारिणी समिति इसके समाधन के लिए अगली बैठक में उचित निर्णय लेगी।

सधन्यवाद बैठक की कार्रवाई समाप्त की गई।

17.4.2019

(कृष्ण कुमार नाग)
सभापति
कार्यकारिणी समिति,
नेतरहाट विद्यालय समिति।